तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स	नम्बर व ... जो इस ... में
24/6/25	पत्रावली आज पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित। वकील प्रार्थी ने एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आर्डर 9 रूल 4 का बाजदायरी हेतु इस आशय का पेश किया कि मूल पत्रावली दिनांक 07.03.2025 तारीख पेशी नियत थी। उस दिन प्रार्थीगण रिश्तेदारी में शादी में टोंक चले गये थे, जिस कारण उस दिन अधिवक्ता सवाई माधोपुर न्यायालय में व्यस्त होने के कारण माननीय न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, चौथ का बरवाड़ा में तत्समय उपस्थित नहीं रहे, जिस कारण प्रकरण अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज कर दिया गया था। मुकदमा प्रारंभिक स्टेज पर है। प्रतिवादी द्वारा जवाब पेश नहीं किया गया है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि दावा पुनः दर्ज करने के आदेश प्रदान करने की कृपा करें। बहस वकील प्रार्थी सुनी गई। पत्रावली का अवलोकन किया। प्रार्थना पत्र में उल्लेखित तथ्यों के आधार पर न्यायहित में बाजदायरी प्रार्थना पत्र प्रार्थना पत्र अधीन आर्डर 9 रूल 4 सी.पी.सी. को स्वीकार किया जाना न्यायोचित है। अतः बाजदायरी प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है एवं मूल पत्रावली को नंबर पर लिये जाने के आदेश प्रदान किये जाते हैं। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।	

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सत्यमेव जयते चौथ का बरवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
चौथ का बरवाड़ा (राज०)

Signature Not Verified
Digitally signed by Damodar Singh
Date: 2025.06.26 11:52:36 IST
Reason: SelfAttested